कार्यालय – मुख्य अभियंता (सिविल) एश यूटीलाईजेशन एंड पॉलूशन कन्ट्रोल
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कम्पनी मर्यादित : रायपुर

क्रमांकः 03–15 / कार्य / 22 रायपुर, दिनांक 29/06/2021

अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु छ.रा.विद्युत मंडल / छ.रा.विद्युत उत्पादन कम्पनी में समान कार्यो के अनुभवी उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत अथवा शासकीय विभाग / उपक्रम में पंजीकृत ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र में मुहरबंद निविदाएं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित है। अपंजीकृत ठेकेदार जिन्हें शासकीय विभाग / उपक्रम में समान कार्यो का अनुभव हो, के आवेदन के साथ कम से कम कार्यपालन अभियंता स्तर के अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण प्रस्तुत करने पर विचार किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र का मूल्य 224 / – निविदाकारों की श्रेणी – ब एवं उपर निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 05.07.2021, निविदा विक्रय की तिथि 06.07.2021 तथा निविदा खुलने की अंतिम तिथि 07.07.2021 होगी।

01. **निविदा विशेषीकरण कमांक मुअ(सि)ए.यू. एंड पी.सी. / कार्य / 2021 / 03**
कार्य का नाम : कार्यालय मुख्य अभियंता (सिविल) एश यूटीलाईजेशन एंड पालूशन कन्ट्रोल, छ.रा. विद्युत उत्पादन कम्पनी मर्यादित रायपुर हेतु Spilit Air Conditoner प्रदाय कर लगाने का कार्य। **अनुमानित लागत :** रू. 4.08 लाख । **बयाने की राशि** : रू. 4,100 / –। **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 03 दिवस। **दर** : आयटम दर प्रपत्र– ब। उक्त कार्य का अनुभव / अधिकृत फर्म को प्राथमिकता।

अन्य नियम एवं शर्ते :–

01. किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत या पूर्णतः अमान्य करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा । **02.** निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य के डी.डी. जो कि सहायक प्रबंधक(केन्द्रीय लेखा इकाई), छ.रा.विद्युत उत्पादन कम्पनी मर्यादित, रायपुर को देय हो, निविदा हेतु आवेदन के साथ जमा करने पर निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से जारी किये जावेंगे । निविदाएं डाक द्वारा मंगाने पर रूपये 75 / – अतिरिक्त प्रति निविदा देय होगा । डाक द्वारा भेजे गये दस्तावेज का समय पर न मिलने की जवाबदारी कम्पनी की नहीं होगी । **03.** निविदा के अनुरूप निर्धारित बयाने की राशि केवल डीडी. या पे आर्डर के रुप में जो कि सहायक प्रबंधक(केन्द्रीय लेखा इकाई), छ.रा.विद्युत उत्पादन कम्पनी मर्यादित, रायपुर को देय हो, अलग सीलबंद लिफाफे में जमा की जानी चाहिए । इस लिफाफे को संबंधित निविदा प्रपत्र के सीलबंद लिंफाफे के ऊपर संलग्न किया जाना चाहिए । **04.** निविदाएं निर्धारित तिथि को 16.00 बजे तक लिये जावेंगे एवं उसी दिन 16.15 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोले जावेंगे । **05.** निविदा विकय की अंतिम तिथि / जमा करने की तिथि पर कार्यालयीन अवकाश होने की स्थिति में कार्यवाही अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर की जावेगी । **06.** यदि किसी ठेकेदार / आपूर्तिकर्ता द्वारा, इस कार्यालय द्वारा जारी किसी भी लेटर ऑफ अवार्ड के विरूद्ध लेटर ऑफ अवार्ड जारी करने के दिनांक से 10 दिवस के भीतर अनुबंध निष्पादित नहीं किया गया है तो उसे निविदा में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जावेगा । संपर्क हेतु दूरभाष कमांक 0771 – 2574066 ।

मुख्य अभियंता (सिविल) ए.यू. एंड पी.सी.,
छ.रा. विद्युत उत्पा.कं.मर्या. रायपुर

// स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं //